भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2867**
दिनांक 08.08.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**असम में हर घर नल से जल योजना**

**2867. श्री गौरव गोगोईः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) असम राज्य में हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत शामिल किए गए परिवारों की जिले-वार संख्या कितनी है;
(ख) क्या सरकार द्वारा उक्त योजना के विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना की धीमी प्रगति को ध्यान में रखते हुए इसके कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों का पता लगाने के लिए कोई अध्ययन कराया गया है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या सरकार के पास उक्त राज्य में उक्त योजना के अंतर्गत परिवारों के कवरेज को बढ़ाने के लिए कोई दीर्घकालिक योजनाएं हैं, और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) भारत सरकार असम के ग्रामीण परिवारों सहित देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार हेतु नल जल आपूर्ति का प्रावधान करने के लिए राज्यों की भागीदारी में अगस्त 2019 से जल जीवन मिशन (जेजेएम) क्रियान्वित कर रही है।

असम राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 15.08.2019 को राज्य में जेजेएम के शुभारंभ के समय, केवल 1.11 लाख ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन थे। तब से, 56.41 लाख और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। इस प्रकार, 05.08.2024 तक, राज्य में 71.55 लाख ग्रामीण परिवारों में से लगभग 57.52 लाख (80.40%) लाख ग्रामीण परिवारों के पास नल जल आपूर्ति का प्रावधान है। जेजेएम के अंतर्गत असम राज्य में प्रदान किए गए नल जल कनेक्शनों का जिले-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) और (ग) भारत सरकार असम सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ जल जीवन मिशन (जेजेएम) के कार्यान्वयन की नियमित रूप से समीक्षा कर रही है। समय-समय पर सम्मेलनों, कार्यशालाओं, वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठकों, क्षेत्र के दौरों आदि सहित कई वार्ताएं आयोजित की जाती हैं। इन समीक्षाओं के दौरान, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में जेजेएम के कार्यान्वयन में तेजी लाने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा, जेजेएम के कार्यान्वयन के लिए कार्यसंबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार, भारत सरकार द्वारा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यशीलता का तीसरे पक्ष द्वारा मूल्यांकन भी किया जाता है। सुधारात्मक कार्रवाई, यदि कोई हो, करने के लिए असम सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ सूचना साझा की जाती है।

(घ) और (ङ) जल 'राज्य' का विषय है और इसलिए ग्रामीण परिवारों को नल जल प्रदान करने के लिए पाइपगत जलापूर्ति स्कीमों की आयोजना और कार्यान्वयन की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की है। भारत सरकार जल जीवन मिशन के तहत तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों के प्रयासों में सहायता करती है। असम राज्य सरकार ने सूचित किया है कि वह मार्च 2026 तक सभी पात्र ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान करने का कार्य पूर्ण कर देगी।

*****

अनुबंध

**दिनांक 08.08.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2867 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| क्र. सं. | जिले | कुल ग्रामीण परिवार | 15.08.2019 की स्थिति के अनुसार नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार | | 05.08.2024 की स्थिति के अनुसार नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संख्या | % | संख्या | % |
| 1 | बाजाली | 72,753 | - | 0 | 65,571 | 90.1 |
| 2 | बक्सा | 1,42,501 | 2,559 | 1.8 | 1,15,364 | 81 |
| 3 | बरपेटा | 2,93,633 | 872 | 0.3 | 2,55,984 | 87.2 |
| 4 | बिश्वनाथ | 1,89,759 | 2,855 | 1.5 | 1,53,364 | 80.8 |
| 5 | बोंगईगांव | 1,62,988 | 228 | 0.1 | 1,39,051 | 85.3 |
| 6 | कछार | 4,05,436 | 29,219 | 7.2 | 3,51,450 | 86.7 |
| 7 | चराइदेव | 1,18,903 | 1,519 | 1.3 | 94,933 | 79.8 |
| 8 | चिरांग | 1,33,933 | 1,662 | 1.2 | 89,380 | 66.7 |
| 9 | दरांग | 2,22,255 | 1,994 | 0.9 | 1,89,458 | 85.2 |
| 10 | धेमाजी | 1,96,531 | 338 | 0.2 | 1,54,987 | 78.9 |
| 11 | धुबरी | 3,13,277 | 401 | 0.1 | 2,35,319 | 75.1 |
| 12 | डिब्रूगढ़ | 2,68,225 | 1,752 | 0.7 | 2,17,667 | 81.2 |
| 13 | दीमा हसाओ | 40,124 | - | 0 | 34,309 | 85.5 |
| 14 | गोलपाड़ा | 2,50,200 | 991 | 0.4 | 2,11,631 | 84.6 |
| 15 | गोलाघाट | 2,71,074 | 7,051 | 2.6 | 2,19,909 | 81.1 |
| 16 | हैलाकांडी | 1,80,173 | 1,819 | 1 | 1,42,009 | 78.8 |
| 17 | होजाइ | 1,96,374 | 353 | 0.2 | 1,60,454 | 81.7 |
| 18 | जोरहाट | 2,04,927 | 19,599 | 9.6 | 1,40,507 | 68.6 |
| 19 | कामरूप | 3,97,322 | 5,798 | 1.5 | 3,09,204 | 77.8 |
| 20 | कामरूप मेट्रो | 62,495 | 4,304 | 6.9 | 54,952 | 87.9 |
| 21 | कार्बी आंगलोंग | 1,66,270 | 344 | 0.2 | 89,309 | 53.7 |
| 22 | करीमगंज | 2,99,901 | 4,331 | 1.4 | 2,53,055 | 84.4 |
| 23 | कोकराझार | 2,26,299 | 877 | 0.4 | 1,93,720 | 85.6 |
| 24 | लखीमपुर | 2,65,307 | 1,086 | 0.4 | 2,22,685 | 83.9 |
| 25 | माजुली | 50,799 | 440 | 0.9 | 47,307 | 93.1 |
| 26 | मारीगांव | 2,33,939 | 347 | 0.1 | 1,59,862 | 68.3 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | नगांव | 4,21,929 | 1,990 | 0.5 | 3,30,494 | 78.3 |
| 28 | नलबाड़ी | 1,86,158 | 4,992 | 2.7 | 1,61,386 | 86.7 |
| 29 | शिवसागर | 1,78,980 | 4,709 | 2.6 | 1,61,489 | 90.2 |
| 30 | सोनितपुर | 2,94,196 | 6,733 | 2.3 | 2,31,726 | 78.8 |
| 31 | दक्षिण सलमारा मनकाचर | 93,219 | 89 | 0.1 | 78,862 | 84.6 |
| 32 | तामुलपुर | 1,01,088 | - | 0 | 84,114 | 83.2 |
| 33 | तिनसुकिया | 2,42,886 | 803 | 0.30% | 1,99,933 | 82.3 |
| 34 | उदलगुड़ी | 2,08,341 | 741 | 0.4 | 1,68,405 | 80.8 |
| 35 | पश्चिम कार्बी आंगलोंग | 62,978 | 135 | 0.2 | 34,731 | 55.1 |
| **कुल** | | **71,55,173** | **1,10,931** | **1.6** | **57,52,581** | **80.4** |